भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **+2344**
सोमवार, 8 जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

झारखंड में नए पर्यटन स्थलों का विकास एवं संवर्धन

+**2344.**डॉ॰ निशिकांत दूबेः
श्री अजय मिश्र टेनीः
श्री अजय कुमार मंडलः
श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोशः
श्री विष्णु दयाल रामः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए देश में नए पर्यटन स्थलों के विस्तार, सौंदर्यीकरण और उन्नयन के लिए पहचान की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत तीन वर्षों के दौरान विकसित किए गए नए पर्यटन स्थलों का स्थान-वार ब्यौरा क्या है और झारखंड और बिहार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्रों में कितनी राशि व्यय की गई;

(ग) झारखंड, बिहार और शेष देश में मौजूदा और प्रस्तावित नए पर्यटन स्थलों में संपर्क और अन्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मौजूदा पर्यटन स्थलों के साथ नए स्थानों को विकसित करने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश के विभिन्न राज्यों में पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या कार्रवाई की गई है**?**

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ङ): विकास के लिए नए पर्यटन स्थलों की पहचान करना मुख्यतः संबंधित राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों का उत्तरदायित्व है । तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन और प्रशाद की योजनाओं के अंतर्गत देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

वर्ष 2016-17, 2017-18 और 2018-19 के दौरान उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं ।

पर्यटक गंतव्यों पर संपर्कता सुधार के लिए उपरोक्त योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय अंतिम छोर तक संपर्कता, हेलीपोर्टस का निर्माण, यात्री टर्मिनल, जट्टी आदि के निर्माण के लिए निधियां प्रदान करता है । मंत्रालय समय-समय पर स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं की राष्ट्रीय संचालन समिति के फोरम के माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, रेल मंत्रालय, नागर विमानन मंत्रालय जैसे अन्य मंत्रालयों एवं विभागों के साथ विभिन्न क्षेत्रों की संपर्कता के मुद्दे भी उठाता है ।

*******

अनुबंध

झारखंड में नए पर्यटन स्थलों का विकास एवं संवर्धन के संबंध में दिनांक 08.07.2019 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. **+2344** के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण

वर्ष 2016-17, 2017-18 तथा 2018-19 के दौरान स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के ब्यौरे:

स्वदेश दर्शन योजना-

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश | परिपथ का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष **2016-17** | | | | | |
| **1.** | गोवा | तटीय परिपथ | गोवा में तटवर्ती परिपथ (सिंक्वेरियम-बागा-अंजुना-वेगेटर-मोरजिम-केरी-अगौदा किला और अगौदा जेल) का विकास । | **99.99** | **79.99** |
| **2.** | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर राज्य में पर्यटन अवसंरचना परियोजनाओं का एकीकृत विकास। | **82.97** | **41.48** |
| **3.** | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ | तेलंगाना में मुलुगु-लकनावरम-मेदावरम-तडवई-दमारवी-मल्लूर-बोगाथा जलप्रपात का जनजातीय परिपथ के रूप में एकीकृत विकास | **83.88** | **65.27** |
| **4.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | उमियम (लेक-व्यू) यूलुम-सोहपेटबनेंग-मावडियांगडियांग - आर्किड लेक रिजार्ट, मेघालय का विकास | **99.13** | **79.31** |
| **5.** | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ | मध्य प्रदेश में सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार में बौद्ध परिपथ का विकास । | **74.94** | **54.51** |
| **6.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | पाथानामथिट्टा जिला, केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में सबरीमाला-एरूमेलि-पम्पा-सन्नीधानम का विकास | **99.99** | **20.00** |
| **7.** | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ - श्रीगोविंदजी मंदिर- श्रीबिजय गोविंदजी मंदिर- श्रीगोपीनाथ मंदिर- श्रीबंगशीबोदन मंदिर- श्रीकैना मंदिर, मणिपुर का विकास | **53.80** | **40.14** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | गुजरात | विरासत परिपथ | गुजरात में अहमदाबाद-राजकोट-दांडी में विरासत -बारदोली-पोरबंदर परिपथ का विकास | 85.01 | 42.13 |
| 9. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ | कुरूक्षेत्र, हरियाणा में महाभारत से संबंधित स्थानों में पर्यटन अवसंरचना विकास । | 97.35 | 70.60 |
| 10. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ | राजस्थान में गोविन्द देव जी मंदिर (जयपुर), खाटूश्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का एकीकृत विकास | 91.45 | 45.72 |
| 11. | सिक्किम | पूर्वोत्तर परिपथ | सिक्किम में सिंगतम-माका-तेमी-बेरमोइक तोकल-फोंगिया-नामची-जोरथांग-ओकारे-सोमबारिया-दरमदीन-जोरेथांग-मेली (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ विकास | 95.32 | 73.22 |
| 12. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ | विरासत परिपथ का विकास (ग्वालियर -ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडु) मध्य प्रदेश का विकास | 92.97 | 57.06 |
| 13. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | केरल में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में श्री पदमनाभ अरनामुला - सबरीमाला का विकास | 92.22 | 72.42 |
| 14. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के रूप में जैन परिपथ : वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी का विकास | 52.39 | 26.19 |
| 15. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | बिहार में आध्यात्मिक परिपथ के अंतर्गत कांवड़िया रूट, सुल्तानगंज-धर्मशाला - देवघर का एकीकृत विकास | 52.35 | 26.17 |
| 16. | ओडिशा | तटीय परिपथ | ओडिशा में तटवर्ती परिपथ के रूप में गोपालपुर, बारकुल, सतपदा और तंपारा का विकास | 76.49 | 37.61 |
| 17. | नगालैंड | जनजातीय परिपथ | नागालैंड में जनजातीय परिपथ का विकास मोकोकचुंग)-तुएनसांग(मोन- | 99.67 | 78.09 |
| 18. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ | उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र में कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा विरासत परिपथ का एकीकृत विकास | 79.13 | 40.97 |
| 19. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत जम्मू-राजौरी-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं -शोपियान | 96.38 | 48.19 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | का एकीकृत विकास | | |
| 20. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू -कश्मीर के लिए प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत 2014 में आई बाढ़ में हुई तबाही के एवज में परिसंपत्तियों के निर्माण के तहत पर्यटन सुविधाओं का एकीकृत विकास | 90.96 | 74.70 |
| 21. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत मंतालाई-सुधमहादेव-पटनीटॉप में पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 97.82 | 44.52 |
| 22. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत अनंतनाग-किश्तवार-पहलगाम-दकसुम-रंजीत सागर बांध पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 96.39 | 48.19 |
| 23. | जम्मू एवं कश्मीर | हिमालयन परिपथ | जम्मू एवं कश्मीर में हिमालयन परिपथ थीम के तहत गुलमर्ग-बारामुला-कुपवाड़ा-लेह परिपथ पर पर्यटक सुविधाओं का एकीकृत विकास | 96.93 | 45.51 |
| 24. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ | उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, कुशीनगर एवं कपिलवस्तु में बौद्ध परिपथ का विकास | 99.97 | 45.03 |
| 25. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | उत्तर प्रदेश में चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का रामायण परिपथ के रूप में विकास | 69.45 | 52.17 |
| 26. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तटवर्ती थीमैटिक परिपथ के तहत अंडमान और निकोबार में तटवर्ती परिपथ का विकास (लांग आईलैंड-रास स्मिथ आईलैंड-नील आईलैंड-हैवलॉक आईलैंड-वाराटांग आईलैंड-पोर्ट ब्लेयर) | 42.19 | 8.44 |
| 27. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत तमिलनाडु में तटवर्ती परिपथ का विकास (चैन्नई-मामल्लापुरम-रामेश्वरम-मानपादु-कन्याकुमारी) | 99.92 | 49.96 |
| 28. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | आध्यात्मिक परिपथ का विकास (शाहजहांपुर- बस्ती-अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी-प्रतापगढ़-उन्नाव-कौशाम्बी–मिर्जापुर-गोरखपुर-कैराना-डुमरियागंज-बागपत-बाराबंकी-आजमगढ़) | 68.39 | 54.71 |
| 29. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर | 63.77 | 50.33 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ | प्रदेश में आध्यात्मिक परिपथ -II का विकास (बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अम्बेडकर नगर-अलीगढ़-फतेहपुर-देवरिया-महोबा-सोनभद्र-चन्दौली-मिश्रिख-भदोही) | | |
| **30.** | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में विरासत परिपथ (कालिंजर किला (बांदा)-मरहर धाम (संतकबीर नगर)- चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-मावाहर स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | **34.82** | **18.76** |
| **31.** | बिहार | बौद्ध परिपथ | बौद्ध परिपथ का विकास-बोधगया, बिहार में, सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण | **98.73** | **19.75** |
| **32.** | असम | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत असम में विरासत परिपथ के रूप में तेजपुर-माजुली-सिबसागर का विकास | **98.35** | **19.67** |
| **33.** | हिमाचल प्रदेश | हिमालयन परिपथ | हिमालयन परिपथ का एकीकृत विकास: कियारी घाट, शिमला, हटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीर, पालमपुर, चंबा | **86.85** | **19.95** |
| **34.** | मिजोरम | इको परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ थीम के तहत "इको-रोमांचकारी परिपथ आइजवाल-रॉपुइछिप-खॉहफॉव-लेंगपुर-डर्टलॉग-चतलांग-सकव्रवमुईट्वेट-लॉग-मुथी-बेराटलॉग-तुइरियाल एयर फील्ड-मुईफॉग" का विकास | **99.07** | **49.53** |
| **35.** | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत राजस्थान में आध्यात्मिक परिपथ -चुरू (सालासर बालाजी)-जयपुर (श्री समोदे बालाजी, घटके बालाजी, बांधेके बालाजी) -अलवर (पांडुपोल हनुमानजी, भरतहरि)-विराटनगर (बीजक, जैन्नासिया, अम्बिका मंदिर)-भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंद)-मेहंदीपुर बालाजी-चित्तौड़गढ़ (साँवलियाजी) का विकास | **93.90** | **46.95** |
| **36.** | गुजरात | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में विरासत परिपथ : वडनगर-मोधेरा और पाटन का विकास | **98.61** | **79.85** |
| | | | **2016-17** का कुल योग | **3041.55** | **1727.09** |
| वर्ष **2017-18** | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **37.** | बिहार | ग्रामीण परिपथ | स्वददेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के अंतर्गत बिहार में गांधी परिपथः भितिहरवा- चन्द्रहिया- तुरकौलिया का विकास | **44.65** | **21.24** |
| **38.** | गोवा | तटीय परिपथ | स्वादेश दर्शन योजना के अंतर्गत गोवा में तटवर्ती परिपथ **II:** रूआ दि ओरम क्रीक- डोन पौला- कोलवा- बेनौलिम का विकास | **99.35** | **19.87** |
| **39.** | गुजरात | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत गुजरात में बौद्ध परिपथ : जूनागढ़- गिर- सोमनाथ-भड़ूच-कच्छ -भावनगर- राजकोट-मेंहसांणा का विकास | **35.99** | **7.20** |
| **40.** | पुदुच्चेरी | विरासत परिपथ | स्वादेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में विरासत परिपथ का विकास | **66.35** | **13.27** |
| **41.** | पुदुच्चेरी | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के तहत पुदुच्चेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | **40.68** | **19.26** |
| **42.** | राजस्थान | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत राजस्थान में विरासत परिपथः राजसमंद (कुंभलगढ़ का किला)- जयपुर (नाहरगढ़ का किला) -अलवर (बाला किला)- सवाई माधोपुर (रणथम्बौर का किला और खण्डार किला)- झलावड़- (गागरों का किला)- चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ का किला)- जैसलमेर (जैसलमेर का किला) - हनुमानगढ़ (कालीबंगन, भटनेर किला और गोगामेड़ी)- जलोड़ (जलोड़ का किला)- उदयपुर (प्रताप गौरव केन्द्र)- धौलपुर (बाग ई-निलोफर और पुरानी छावनी)- नागौर (मीराबाई स्मारक) का विकास। | **99.60** | **49.80** |
| **43.** | तेलंगाना | विरासत परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत तेलंगाना में विरासत परिपथः कुतुब शाही विरासती पार्क-पाइगाह का मज़ार- हयात बक्शी की मस्जिद- रेमण्ड की मज़ार का विकास । | **99.42** | **44.83** |
| **44.** | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के आध्यात्मिक परिपथ थीम के तहत मंदार पहाड़ी एवं अंग प्रदेश का विकास । | **53.49** | **10.70** |
| **45.** | मध्य प्रदेश | इको परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के इको परिपथ | **99.62** | **73.56** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | थीम के तहत गांधीसागर बांध - मण्डलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध- इन्दिरा सागर बांध - तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बनसागर बांध- केन नदी का विकास। | | |
| **46.** | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के रामायण परिपथ थीम के अंतर्गत अयोध्या का विकास। | **133.31** | **66.65** |
| **47.** | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ | स्वदेश दर्शन योजना के बौद्ध परिपथ थीम के तहत आंध्र प्रदेश में बौद्ध परिपथ: शलिहुण्डम-थोटलाकोण्डा-बावीकोण्डा- बोज्जनाकोण्डा - अमरावती-अनुपू का विकास। | **52.34** | **10.47** |
| | | | **2017-18** का कुल योग | **824.8** | **336.85** |
| वर्ष **2018-19** | | | | | |
| **48.** | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ | वाकी- अडासा- घापेवाड़ा- पराडसिंहा- छोटा ताज बाग- तेलानखांडी- महाराष्ट्र में गिराड का विकास | **54.01** | **0.00** |
| **49.** | - | मार्गस्थ सुविधाओं का विकास (उप-योजना) | सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी- गया; लखनऊ -अयोध्या-लखनऊ; गोरखपुर-कुशीनगर; कुशीनगर-गया-कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास। | **19.75** | **0.00** |
| **50.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | उत्तर प्रदेश में जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएड- खुर्जा-बांदा का विकास | **14.52** | **0.00** |
| **51.** | झारखंड | इको परिपथ | झारखंड में इको परिपथ: डालमा-चांडिल- गेतलसुद- बेतला राष्ट्रीय अभयारण्य -मिर्चैया-नेतरहाट का विकास | **52.72** | **0.00** |
| **52.** | त्रिपुरा | पूर्वोत्तर परिपथ | त्रिपुरा में पूर्वोत्तर परिपथ: सुरमा छेरा-उनाकोटी -जुम्पुई हिल्स -गुनाबाती-भुनानेश्वरी-माताबाड़ी-नीरमहल-बॉक्सानगर-छोटा खोला- पिलक-अवांगछारा का विकास | **65.00** | **0.00** |
| **53.** | पंजाब | विरासत परिपथ | पंजाब में विरासत परिपथ: आनंदपुर साहिब- फतेहगढ़ साहिब-चमकौर साहिब-फिरोजपुर- अमृतसर- खाटकर | **99.95** | **0.00** |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कालान- कालानौर- पटियाला का विकास | | |
| **54.** | केरल | ग्रामीण परिपथ | केरल में ग्रामीण परिपथः मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | **80.37** | **0.00** |
| **55.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम - अरुविपुरम - कुन्नुमपारा श्री सुब्रमणिया - चेम्बनझांति श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | **69.47** | **0.00** |
| **56.** | केरल | आध्यात्मिक परिपथ | कासारागोड, वायनाड, कन्नूर, कोझिकोड, पल्लक्काड़, मल्लापुरम, त्रिचूर, एर्णाकुलम, इडुक्की, कोट्टयम, अल्लपुझा, पथानमथिट्टा, कोल्ल्म, त्रिवेंद्रम का विकास | **85.23** | **0.00** |
| **57.** | मेघालय | पूर्वोत्तर परिपथ | पश्चिमी खासी पहाड़ियों (नॉन्गसख्लॉव - क्रेम तिरॉट - खुडोई तथा कोहमांग जलप्रपात- खेरी नदी, मावथाद्राशान शिलांग) जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी जलप्रपात, शिरमांग- इयूक्सीं), गारो पहाड़ियों (नेक्रिक रिजर्व, कट्टा बील, सीजु गुफाएं) का विकास | **84.97** | **0.00** |
| **58.** | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ | गोरखपुर मंदिर (गोरखपुर), देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर) तथा वटवासिनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | **21.16** | **0.00** |
| | | | **2018-19** का कुल योग | **647.15** | **0.00** |

प्रशाद योजना-

(करोड़ रु. में)

| क्र. सं. | राज्य | परियोजना का नाम | राशि स्वीकृत | निर्मुक्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष **2016-17** | | | | |
| **1** | गुजरात | द्वारका का विकास | **26.23** | **6.85** |
| **2** | गुजरात | सोमनाथ में तीर्थस्थल सुविधाओं का विकास | **37.44** | **26.51** |
| **3** | जम्मू एवं कश्मीर | हजरतबल का विकास | **42.02** | **25.45** |
| **4** | केरल | गुरूवायुर मंदिर का विकास | **46.14** | **36.91** |
| **5** | तमिलनाडु | कांचीपुरम का विकास | **16.48** | **8.24** |
| **6** | तमिलनाडु | वेलानकनी का विकास | **5.60** | **2.59** |
| **7** | पश्चिम बंगाल | बेलूर का विकास | **30.03** | **23.39** |
| | | **2016-17** का कुल योग | **203.94** | **129.94** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष **2017-18** | | | | |
| **8** | मध्य प्रदेश | ओंकारेश्वर का विकास | **40.67** | **18.76** |
| **9** | उत्तर प्रदेश | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन | **10.72** | **5.14** |
| **10** | महाराष्ट्र | त्रियंबकेश्वर का विकास | **37.81** | **8.49** |
| **11** | उत्तर प्रदेश | प्रशाद योजना-II के अन्तर्गत वाराणसी का विकास | **44.60** | **10.21** |
| **12** | आंध्र प्रदेश | प्रशाद योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश में श्रीसेलम मंदिर का विकास | **47.45** | **37.96** |
| | | **2017-18** का कुल योग | **181.25** | **80.56** |
| वर्ष **2018-19** | | | | |
| **13** | उत्तराखंड | बद्रीनाथ जी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा सुविधा हेतु अवसंरचना का विकास | **39.24** | **11.77** |
| **14** | गुजरात | सोमनाथ में प्रोमेनाड का विकास, | **44.59** | **13.77** |
| **15** | उत्तर प्रदेश | गोवर्धन, मथुरा का विकास | **39.74** | **0.0** |
| **16** | झारखंड | बैद्यनाथजीधाम, देवघर का विकास | **39.13** | **0.0** |
| **17** | नागालैंड | नागालैंड में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | **25.26** | **0.0** |
| | | **2018-19** का कुल योग | **187.96** | **25.54** |

*******